EMPLOYMENT-news
रोजगार समाचार अब हिंदी में
www.employment-news.net

# करेंट अफेयर्स 08 जनवरी 2019 Current Affairs & GK Today

कुम्भ मेले के लिए उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) ने "रेल कुम्भ सेवा मोबाइल एप्प" लॉन्च किया। इस एप्प द्वारा कुम्भ यात्री कुम्भ के लिए स्पेशल ट्रेनों का पता भी लगा पाएंगे व टिकट भी बुक करा पाएंगे।

रिसर्च फर्म ग्लोबल वेब इंडेक्स ने सोशल मीडिया को लेकर "वेब इंडेक्स" की रिपोर्ट में फेसबुक को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। youtube को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। रिपोर्ट अनुसार फिलीपींस के लोग सोशल मीडिया का सबसे ज्यादा उपयोग करते है व भारत सोशल मीडिया के उपयोग में 13वे नम्बर पर है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आर्थिक रूप से कमजोर सवर्णों के लिए 10% आरक्षण को मंजूरी दी। यह आरक्षण उनको प्राप्त होगा जिनकी वार्षिक आय 8 लाख से कम होगी। इसके लिए संसद में संविधान के अनुछेद15 व 16 में संशोधन के लिए एक विधेयक पारित किया जाएगा।

नार्वे की प्रधानमंत्री इरना सोलबर्ग तीन दिवसीय 7-9 जनवरी तक भारत की यात्रा पर आई। वह भारत-नार्वे बिजनेस सबमिट को सम्बोधित करेंगी। उनके साथ एक व्यापारिक मण्डल भी भारत यात्रा पर आया है

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) ने संचार नेविगेशन और निगरानी के क्षेत्र में संयुक्त अनुसन्धान कार्यक्रम के लिए SAMEER (Society for Applied Microwave Electronics Engineering and Research) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है।

हाल ही में सऊदी अरब ने "सीक्रेट तलाक" की कुप्रथा का अंत किया। अब अदालतों के लिए तलाक को मंजूरी देने की जानकारी संबंधित महिला को मैसेज के जरिये देना अनिवार्य रहेगा। इसके तहत पुरुष अब महिला को बिना बताए तलाक नही दे पाएंगे। अगर वह महिला को लिखित में इसकी सूचना नही देंगे तो अदालत में उनका तलाक मान्य नही होगा।

रोजर फेडरर और बेलिंडा बेनकिक (स्विट्जरलैंड) ने एंजेलिक केर्बर और अलेक्जेंडर ज्वेरेव (जर्मनी) को हराकर "हॉप मैन कप" का खिताब जीता।इसी के साथ रोजर फेडरर हॉप मैंन कप 3 बार जीतने वाले जगत के पहले खिलाड़ी बन चुके हैं।

www.employment-news.net

भारत ने 71 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला जीती। यह आजादी के बाद भारत की ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध पहली टेस्ट श्रंखला जीत है। इसके साथ भारत एशिया की पहली ऐसी टीम बनगई है जिसने ऑस्ट्रेलिया को उसके ही घर में टेस्ट श्रंखला हराई हो।

76वे गोल्डन ग्लोब अवार्ड बेवर्ली हिल्टन बॉलरूम में आयोजित हुए। इसमे बेस्ट एक्टर, (ड्रामा) का अवार्ड रामी मालेक को मिला और

बेस्ट एक्ट्रेस (ड्रामा) का अवार्ड ग्लेन क्लोज को मिला। इसमें बेस्ट डायरेक्टर अवार्ड डायरेक्टर अल्फांसो कुआरों को रोमा फ़िल्म के लिए मिला।

## Current Affairs & GK Today in Hindi 08 January 2019

EMPLOYMENT-NEWS
रोजगार समाचार अब हिंदी में

www.employment-news.net

www.employment-news.net